मेरी फरियाद सुनले माँ

मेरी फरियाद सुनले माँ,
तेरे दर आया दीवाना,
मन की मुरादें पूरी कर,
सिवा तेरे ना कोई ठिकाना,
मेरी फरियाद सुनले मां,
तेरे दर आया दीवाना.....

कैसे मनाऊं तुझको माता,
जानू ना तेरी पूजा,
तुझपे अर्पण जीवन मेरा,
तुझ बिन ना कोई दूजा,
मेरी अर्जी सुनले माँ,
है हँसता सारा जमाना,
मेरी फरियाद सुनले मां,
तेरे दर आया दीवाना.....

सच्चे मन से आया मैया,
तुझको भेंट चढाने,
पान सुपारी लाल चुनरिया,
आया तुझको चढाने,
ये 'राजा गोहेर' मांगे माँ,
चरण धूलि का नजराना,
मेरी फरियाद सुनले मां,
तेरे दर आया दीवाना....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26802/title/meri-fariyad-sunle-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |